हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

02 धार्मिक आयोजनों से समाज में होता है संस्कारों...



04 भाजपा ने पाठसिवनी, फिंगेश्वरी व सोरिद खुर्द...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

दौरा : किडनी बीमारी की आशंका पर कलेक्टर टीम के साथ पथर्री पहुंचे, गांव में लगा स्वास्थ्य शिविर

# पीएचई की जांच में पानी मिला सुरक्षित, कलेक्टर उइके ने कहा- स्थिति नियंत्रण में, अफवाहों से बचें







खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम/गरियाबंद

ग्राम पथर्री में किडनी संबंधी बीमारियों के मीडिया में खबर प्रकाशन होने के उपरांत ग्रामीणों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल कलेक्टर बीएस उइके ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की स्वास्थ्य जांच किया गया। कलेक्टर श्री उइके ने ग्रामीणों से कहा कि वे अनावश्यक अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। उन्होंने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि वर्तमान में स्थिति सामान्य है तथा प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न, लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी श्री विप्लव घृतलहरे सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**पेयजल स्त्रोतों की गहन जांच-** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव के विभिन्न शासकीय पेयजल एवं घरों के निजी बोर के पेयजल स्त्रोतो के पानी के नमूने एकत्रित किया गया। जिसे त्वरित फिल्ड टेस्ट किट के माध्यम से फ्लोराइड की मात्रा जांच की गई। प्रारंभिक जांच में पानी में फ्लोराइड की मात्रा मानक के अनुकूल पाई गई। इसके अलावा पेयजल गुणवत्ता जांच के लिए उपखंड, खंड तथा राज्य स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला में पेयजल के नमूनों की जांच और गहन तरीके से कराया जाएगा। स्वास्थ्य ▸▸| शेष पेज 2 पर

## भाजपा पदाधिकारियों ने पीड़ितों से की मुलाकात, स्वास्थ्य जांच की दी सलाह



**फिंगेश्वर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत भेंड्री के आश्रित ग्राम पत्थरी में किडनी पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने गांव मे पीड़ित परिवार ग्रामीण जनों एवं मितानिनों से मुलाकत कर जानकारी ली गई। मितानिन दीदी दुर्गा साहू ने बताया कि उनके पति लेख राम साहू खुद इस बीमारी से पीड़ित है और डायलिसिस के माध्यम से उनका इलाज जारी है। इसी के साथ पीड़ित नंदू राम विश्वकर्मा, राम जी ध्रुव, चंपा बाई, लेख राम विश्वकर्मा सभी किडनी पीड़ितों को डायलिसिस के माध्यम से इलाज किया जा रहा है।पीड़ितों का हालचल को लेकर फिंगेश्वर मंडल से मंडल अध्यक्ष डॉ. मंजू लता हरित, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन गरियाबंद जिला के अध्यक्ष दशरथ सिन्हा, राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन जिला प्रभारी एवं पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मिंजून साहू, भाजपा महामंत्री भुवन साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतराम साहू, भेंड्री बूथ अध्यक्ष जगत साहू, पत्थरी बूथ अध्यक्ष संत राम साहू, ग्रामीण जन, भगावत ध्रुव, हेमंत ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, तुका राम साहू, राधेश्याम विश्कर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित थे। पीड़ित लोगों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ विभाग के होने वाले शिविर मे जांच कराने का परामर्श दिया।


सुपेबेड़ा में 133 लोगों की हुई थी किडनी की बीमारी से मौत

सुपेबेड़ा के बाद अब 'पथर्री' बना किडनी का नया डेथ जोन, एक ही घर में 3 मौतें, 8 मौत से जूझ रहे

पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक

## खबर संक्षेप

### मनोज बजरंग दल प्रदेश मंत्री नियुक्त



**छुईहा बेलर।** मनोज कुमार साहू सिर्रीखुर्द को बजरंग दल प्रांति मंत्री बनाये गए हैं। उन्होंने एक भेंट में बताया कि उज्जैन 24 एवं 25 फरवरी आयोजित भव्य महाधिवेशन में संगठन का विस्तार की विस्तार राष्ट्रीय महासचिव अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया गया।

### प्रेमचंद बने तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ सदस्य

**नवापारा-राजिम।** तहसील साहू संघ अभनपुर द्वारा संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा प्रकोष्ठ टीम का गठन किया गया जिसमें ग्राम बजरंगपुर के युवा प्रेमचन्द साहू को तहसील युवा प्रकोष्ठ टीम में सदस्य बनाया गया। यह नियुक्ति उनके समाज के प्रति लगन, कार्यशीलता, कार्यकुशलता, सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखकर बनाया गया है।



### भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा 20 अप्रैल को

**राजिम।** विप्रकुल ब्राम्हण समाज राजिम के सामाजिकजनों की बैठक आहुत किया गया जिसमें भगवान श्री परशुराम जी प्राकट्य उत्सव मनाने हेतु चर्चा परिचर्चा कर यह निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल रविवार को प्रातः 9.00 बजे सामाजिक भवन में पूजा अर्चना किया जाएगा एवं शोभायात्रा 20 अप्रैल 2006 दिन सोमवार को शाम 4.30 बजे रानी श्याम कुमारी धर्मशाला से प्रस्थान करेगी। यह जानकारी देते हुए समाज के सचिव धीरेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकारणी सदस्य पूरे तैयारी में जुटे हुए है। उन्होने सामाजिकजनों को सपरिवार कार्यक्रम में आने के लिए सादर निवेदन एवं अपील किया है।

### पाटसिवनी में रक्तदान शिविर आज

**पाटसिवनी(पिपरहट्ठा)।** ग्राम पंचायत पाटसिवनी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह अनोखी पहल ग्राम पाटसिवनी में पहली बार किया जा रहा है जो डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जन्मदिन के अवसर में 14 अप्रैल को आयोजित की जा रही है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी हमारे भारत देश के संविधान निर्माता है। जिनके जयंती के यादगार में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भव्य एवम विशाल रूप में पाटसिवनी के तत्वावधान में जनपद सदस्य भेषमती रूपसिंग साहू, सरपंच चम्पेश्वर ध्रुव, उपसरपंच रुपिंदर कौर जाट, कृषि सभापति रूप नारायण मांडले, पुराणिक दुबे के निर्देशन एवम नेतृत्व में सम्पन्न होगा।

## योग और यज्ञ के समन्वय से शुद्ध होगा जीवन : मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



योग शिविर का समापन

महिला पतंजलि योग समिति, गरियाबंद के तत्वावधान में गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का आज शांति पाठ और संकल्प के साथ समापन हुआ। 11 अप्रैल को यज्ञ-हवन से शुरू हुआ यह शिविर 13 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 5:30 से 7:00 बजे तक चला। समापन सत्र में मुख्य अतिथि योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा की जिस तरह यज्ञ से हमने पर्यावरण शुद्धि का संकल्प लिया था, उसी तरह योग के नियमित अभ्यास से हमें अपने शरीर और विचारों को शुद्ध रखना है। यही सच्ची आहुति होगी। उन्होंने सभी महिलाओं से योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। तीन दिनों तक चले शिविर में 30, 40 से अधिक महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। योग शिक्षिका एवं उनकी टीम द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वज्रासन, मंडूकासन के साथ अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम का गहन अभ्यास कराया गया। अंतिम दिन एक्यूप्रेशर के महत्वपूर्ण बिंदुओं और मोटापा, थायराइड व जोड़ों के दर्द के लिए घरेलू उपचार भी बताए गए। समिति की जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। यज्ञ से बाहरी वातावरण और योग से आंतरिक वातावरण शुद्ध हुआ। यह समन्वय ही भारतीय संस्कृति की विशेषता है। समापन अवसर पर साधकों ने प्रतिदिन सामूहिक योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन वैदिक शांति पाठ, भारत माता की जय के उद्घोष और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। ताकेश्वरी तनु साहू ने सफल योग कक्षा आयोजन के लिए गायत्री परिवार और सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।



### आंबेडकर जयंती पर शोभायात्रा आज

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती धुमधाम के साथ मनाने जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है। अंबेडकर चौक में तैयारी जोरशोर से किया जा रहा है। सर्व समाज द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह पर दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा एवं शाम को सभा का आयोजन किया गया है।

## चिकन-मटन दुकानों पर चला नपा का बुलडोजर, अवैध टीन शेड हटाए गए

धार्मिक स्थलों और स्कूलों के पास अतिक्रमण से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



नगर पालिका प्रशासन ने सब्जी बाजार के सामने स्थित मांस-मछली की दुकानों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही की है। सोमवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी सौरभ शर्मा के नेतृत्व में अमले ने जेसीबी के साथ दुकानों के सामने मनमाने ढंग से लगाए गए टीन शेड को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। प्रशासन की सख्ती देख कई दुकानदारों ने नुकसान से बचने के लिए स्वयं ही अपने ठेले और शेड हटा लिए। विदित हो कि जिस स्थान पर ये दुकानें संचालित हैं, वहीं पास में विकासखंड मुख्यालय के प्रमुख कार्यालय, सरकारी अस्पताल का मुख्य गेट, शासकीय स्कूल, गायत्री मंदिर और शिव मंदिर स्थित हैं। स्थानीय जनता और विभिन्न धार्मिक संगठन वर्षों से इन दुकानों को यहाँ से हटाने की मांग कर रहे हैं। विरोध के बावजूद दुकानदारों ने न केवल पक्का निर्माण कर लिया था, बल्कि सड़कों तक टीन शेड तान दिए थे।

**हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना-** इस मामले में चौंकाने वाली बात यह है कि माननीय उच्च न्यायालय का भी निर्णय आ चुका है कि इन चिकन-मटन दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। इसके बावजूद, अब तक ठोस कार्यवाही न होने से दुकानों का विस्तार लगातार जारी था।

**अब कटेंगे नल कनेक्शन-** कार्यवाही के दौरान ईंजीनियर दुष्यंत चौहान सहित नगर पालिका का पूरा अमला मौजूद रहा। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि यह केवल शुरुआत है।


**कार्रवाई की जाएगी-** सौरभ शर्मा सीएमओ, अभनपुर ने कहा की बिना अनुमति के किए गए अवैध अतिक्रमण और टीन शेड को हटा दिया गया है। आगामी चरण में अवैध पक्के निर्माणों को भी ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही, इन दुकानों के नल कनेक्शन भी विच्छेद करने की कार्यवाही की जाएगी।

साइकिल और पैदल यात्रा से देख रहे देश के रंग

## नौकरी छोड़ भारत दर्शन पर निकला बोरसी का युवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम





राजिम क्षेत्र के ग्राम बोरसी का एक युवा इन दिनों अपने अटूट जज्बे के कारण पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत की विविधता और संस्कृति को करीब से जानने के लिए गणेश निषाद ने गुजरात के अहमदाबाद में अपनी अच्छी-खासी नौकरी त्याग दी और भारत भ्रमण का कठिन रास्ता चुना है। निषाद समुदाय से ताल्लुक रखने वाले गणेश अहमदाबाद में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कार्यरत थे। एक स्थिर जीवन और अच्छी कमाई होने के बावजूद, उनके मन में देश की भौगोलिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों को देखने की गहरी ललक थी। अंततः, उन्होंने अपने अंतर्मन की पुकार सुनी और गुजरात से अपनी यात्रा का शंखनाद किया।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा जज्बा-** गणेश ने बताया कि उनका प्लान दो-तीन साल में पूरे देश का भ्रमण पूरा करने का है। उन्होंने कहा भारत सोने की चिड़िया है। इसके हर कोने में अलग-अलग रंग, संस्कृति, इतिहास और आस्था है। नौकरी छोड़कर यह सफर चुनना आसान नहीं था, लेकिन देश देखने की चाहत ने मुझे मजबूर कर दिया। गणेश अपनी यात्रा के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नियमित साझा करते हैं। उनके पोस्ट खूब वायरल हो रहे हैं। लोग उनकी हिम्मत की सराहना कर रहे हैं। राजिम क्षेत्र के लोग विशेष रूप से गर्व महसूस कर रहे हैं। बोरसी के ग्रामीणों का कहना है कि गणेश जैसे युवा पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। राजिम, जो महानदी के किनारे स्थित है और प्राचीन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, से निकला यह युवा अब पूरे भारत को जोड़ने का काम कर रहा है। यह यात्रा सिर्फ घूमने की नहीं, बल्कि सीखने की भी है। गणेश विभिन्न राज्यों की भाषा, खान-पान, लोक संस्कृति, धार्मिक स्थलों और आम जीवन से रूबरू हो रहे हैं। गुजरात से राजस्थान तक का सफर पूरा करने के बाद अब वे आगे ▸▸| शेष पेज 2 पर

## मुख्यमंत्री 15 को करेंगे नवीन समिति कुडेरादादर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

छत्तीसगढ़ में सहकारिता विभाग द्वारा 515 नवीन पैक्स सोसायटी के गठन उपरांत 15 अप्रैल को वर्चअल शुभारंभ समय 11 बजे विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के आतिथ्य एवं केदार कश्यप वन परिवहन एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में 515 नवीन गठित पैक्स समितियों का शुभारंभ होना है। इसी कड़ी में नवीन आदिम सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुडेरादादर पंजीयन क्रमांक 97 का भी इस दिन इसी समय मुख्यमंत्री और मंत्री के हाथों गरिमामय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवीन समिति कुडेरादादर पर किया जाएगा। नवीन समिति कार्यालय भवन कुडेरादादर में उपस्थित होंगे, जिसका मुख्य अतिथि गौरीशंकर कश्यप जिला पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद, अध्यक्षता लेखराज ध्रुवा कृषि सभापति जिला पंचायत, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष, विशेष अतिथि राजेश साहू भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भुवेन्द्र मरकाम प्राधिकृत अधिकारी रसेला, सुखराम ठाकुर जनपद सदस्य, बिमला नागेश जनपद सदस्य, अतिथिगण नारायण सिंह ठाकुर किसान मोर्चा प्रवक्ता, शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष, कृष्णा गुप्ता अध्यक्ष किसान मोर्चा, परमेश्वर यादव मिडिया प्रभारी मलेवाअचल, सरपंचगण तुलेश्वर ध्रुव,लता नागेश,विजय कृष्णा नागेश,रुपादेवी ठाकुर,रवि मरकाम, ग्राम पटेल घनश्याम साहू, कृष्णा ठाकुर, ▸▸| शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप



### पीड़ित परिवार को मिली 2 हजार रुपए की श्रद्धांजलि प्रोत्साहन राशि

**छुईहा बेलर।** ग्राम जामगांव निवासी सुखदेव साहू 70 वर्ष के निधन उपरांत शासन की श्रद्धांजलि योजना के तहत ग्राम पंचायत जामगांव द्वारा पीड़ित परिवार के मुखिया को 2000 रुपए की श्रद्धांजलि प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। यह राशि ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शोकसंतप्त परिवार को सौंपी गई। शासन की इस योजना का उद्देश्य दुःख की घड़ी में प्रभावित परिवार को तात्कालिक आर्थिक संबल प्रदान करना है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हीरू डहरे, पंच शिवराम सिन्हा, पूर्व सरपंच अरुण सिन्हा, सुखीराम दीवान, मुकेश ध्रुव, विष्णु दीवान, नरेंद्र साहू, भीखम साहू, यशवंत साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने शासन की इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मजबूत होगा लोकतंत्र : नंदनी

**मैनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदनी नेताम ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी संवेदनशील और सशक्त बनाने की दिशा मे एक ऐतिहासिक पहल बताया। आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र मे अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नये कीर्तिमान



स्थापित कर रही है ऐसे मे राजनीतिक प्रतिनिधित्व मे उनके भागीदारी को संस्थागत स्वरूप देना समय की मांग है। नारी सशक्तिकरण की दिशा मे एक ऐतिहासिक कदम के रूप मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 का संसद द्वारा पारित होना देश की महिलाओ के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। नंदनी नेताम ने इस क्रांतिकारी कदम को उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा की भाजपा महिलाओ को पूरा हक दिलाने प्रतिबद्ध है इससे विधानसभा और लोकसभा मे महिला जनप्रतिनिधियो की संख्या बढ़ेगी जिससे महिला केंद्रिय नीतियों को मजबूती मिलेगी। उन्होने महिलाओं के लिए स्वर्णित युग बताते हुए कहा कि राजनीति में नारी शक्ति की आने वाले दिनों में भागीदारी बढ़ने वाली है जिसके चलते महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### खाद को लेकर सरकार की चुप्पी से किसान परेशान : अमितेश

**फिंगेश्वर।** आगामी खरीफ सीजन से पहले उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सरकार की तैयारी पर सवाल उठाते हुए पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि सरकार की चुप्पी किसानों की चिंता बढ़ा रही है और अब तक खाद की आपूर्ति को लेकर स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है, उन्होंने कहा



कि खरीफ सीजन नजदीक है, ऐसे में सरकार को सोसाइटियों के माध्यम से किसानों की मांग का आंकलन कर उर्वरकों की आपूर्ति शुरू कर देनी चाहिए थी। कांग्रेस ने मांग की है की सरकार बताएं कि इस वर्ष कितने उर्वरकों की जरूरत का अनुमान लगाया गया है। और उसकी पूर्ति के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं। पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने पिछले खरीफ सीजन का हवाला देते हुए कहा की उस समय किसानों को 14 लाख मिट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता थी, लेकिन शुरुआती 2 महीनों में बहुत कम आपूर्ति हो पाई इसके चलते किसानों को यूरिया, डीएपी और पोटाश के लिए परेशान होना पड़ा और कई जगहों पर ऊंचे दामों पर खाद खरीदने की स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि इस बार करीब 15 लाख 55 हजार मिट्रिक टन उर्वरक की जरूरत का अनुमान है, लेकिन अभी तक पर्याप्त तैयारी नजर नहीं आ रहा है।

**समस्या :** भीषण गर्मी में नगर पहुंचने वालों को नहीं मिल रहा प्याऊ का लाभ, पानी खरीदकर पीना मजबूरी

# बुनियादी सुविधाओं को तरस रहा मैनपुर प्याऊ घर बने कबाड़ और तालाब गए सूख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले का ब्लॉक, तहसील और अनुविभाग मुख्यालय होने के बावजूद मैनपुर नगर आज मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। लगभग 8 हजार की आबादी वाला यह नगर, जहाँ सभी विभागों के बड़े अधिकारी निवास करते हैं, आज पेयजल, स्वच्छता और निस्तारी जैसी प्राथमिक जरूरतों के लिए तरस रहा है। स्थानीय ग्राम पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। नगर में भीषण गर्मी का प्रकोप है, लेकिन राहगीरों को ठंडा पानी नसीब नहीं हो रहा है। लाखों रुपये की लागत से ग्राम पंचायत कार्यालय और यात्री प्रतीक्षालय के पास लगाए गए दो फ्रीजर खराब होकर कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि पंचायत ने न तो इन्हें सुधारने की जहमत उठाई और न ही नगर में कहीं अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था की है। दूर-दराज से आने वाले यात्री और ग्रामीण बोतल बंद पानी खरीदने को मजबूर हैं।

**पेयजल संकटः लो-वोल्टेज और अधूरे इंतजाम-** नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए दो ओवरहेड टैंक तो हैं, लेकिन वे शो-पीस साबित हो रहे हैं। लो-वोल्टेज के कारण मोटर पंप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे टैंकों में पर्याप्त पानी नहीं भर पा रहा है। सुबह और शाम के समय नगरवासियों को पानी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। नगर के दो प्रमुख तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। निस्तारी और शोक कार्यक्रमों के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है। एक तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए मनरेगा के तहत 4 साल पहले 16.54 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे, लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी काम अधूरा है। जनपद कार्यालय से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित इस तालाब की सुध लेने वाला कोई नहीं है। अब तालाब मैदान में तब्दील हो चुका है जहाँ बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं।

### कचरे के ढेर में नगर और संक्रामक बीमारियों का खतरा








सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। साप्ताहिक बाजार, नेशनल हाईवे और चौक-चौराहों पर कचरे का अंबार लगा है। कचरा संग्रहण के लिए खरीदी गई दो इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियाँ खुद कचरे में तब्दील हो रही हैं। गंदगी के कारण बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वहीं, बाजार क्षेत्र में लगातार हो रहे पक्के निर्माण के कारण साप्ताहिक बाजार अब नेशनल हाईवे के किनारे लगने लगा है, जिससे किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**व्यवस्था की जाएगी-** हनिता नायक सरपंच, ग्राम पंचायत मैनपुर ने कहा की फ्रीजर खराब होने के कारण प्याऊ बंद है, लेकिन कल से ही अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य पिछले कार्यकाल का है, जिसकी जानकारी लेकर ही कुछ कह पाऊंगी। ट्यूबवेल के माध्यम से तालाब में पानी भरने का प्रयास किया जा रहा है।

**कार्रवाई की जाएगी-** डीएस नागवंशी एडिशनल सीईओ, जनपद पंचायत मैनपुर ने कहा की नगर को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य क्यों अधूरा पड़ा है, इसकी जानकारी लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के पास निरीक्षण का समय नहीं है और पंचायत के पास संसाधनों के रखरखाव की इच्छाशक्ति नहीं। ऐसे में मैनपुर की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

## श्रीराम का आदर्श ही समाज की बुनियाद : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी





ग्राम बुड़ेनी में आयोजित तीन दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का समापन भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस आयोजन में क्षेत्र की कुल 24 रामायण मंडलियों ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के चरित्र, आदर्श जीवन और मर्यादाओं का भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण किया। पूरे आयोजन के दौरान धर्ममय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होकर रामकथा का श्रवण करते रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से कुरूद विधायक अजय चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। साथ ही यह आयोजन नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं, जिससे समाज में नैतिक मूल्यों का संचार होता है। उन्होंने कहा कि ग्राम बुड़ेनी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह रामायण प्रतियोगिता अब क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा बन चुकी है, जो जन-जन तक भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, मर्यादा और कर्तव्य पालन का संदेश पहुंचा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य राजेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, खोरीलाल साहू, सरपंच खेमू साहू, सेवक साहू, प्रह्लाद निषाद, मदन साहू, विजय पटेल, शांति साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

### जौन्दी में रामायण की गूंज, ओडिशा समेत कई जिलों की टोलियां दे रहीं प्रस्तुति

नवापारा राजिम। ग्राम जौन्दी में त्रिदिवसीय संगीतमय श्रीरामचरितमानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया है जो 10 अप्रेल से 12 अप्रेल तक सुबह 11 बजे से रात्रि 2बजे तक निरंतर जारी है एवं श्रीराम भक्त श्रोताओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था का आयोजन समिति द्वारा की गई है। ग्राम जौन्दी के शीतलापारा के नवयुवक समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से यह प्रतियोगिता आयोजित है जो पिछले 20 वर्ष के बाद आहुत किया गया है। श्रीरामचरितमानस प्रतियोगिता में 27 मानस मंडली भाग ले रही है एवं प्रतिदिन 9 मंडली का प्रस्तुतीकरण हो रहा। जिसमें उड़ीसा प्रान्त सहित कवर्धा, राजनांदगांव, बस्तर, खैरागढ़, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद धमतरी, बलोदा बाजार, गरियाबंद जिले से पार्टी आ रही है। पूरा गांव राममय एवं अयोध्या धाम की तरह लग रहा है। ग्रामीणों में उत्साह एवं उमंग है जो देर रात्रि तक रामायण सुनने में मशगूल हैं।



## धार्मिक आयोजनों से समाज में होता है संस्कारों का संचार : हरीश साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी, सहसपुर एवं सोनेसिल्ली में आयोजित भव्य रामायण प्रतियोगिता में सरपंच संघ अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी के सरपंच हरीश साहू ने शामिल होकर आयोजकों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्री साहू ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की सर्वोत्तम मार्गदर्शिका है। रामायण के माध्यम से हमें सत्य, धर्म, मर्यादा, कर्तव्य और त्याग की सीख मिलती है, जिसे अपनाकर समाज को सशक्त एवं संस्कारित बनाया जा सकता है। कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से गांवों में आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता एवं संस्कारों का संचार होता है। विशेष रूप से युवाओं को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का यह एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों एवं आयोजन समितियों को ऐसे कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मंडलियों द्वारा रामायण की भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी गईं, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे और रामायण प्रतियोगिता का आनंद लिया। श्री साहू ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दीं तथा आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## राजिम में कांग्रेस का गांव चलो अभियान तेज, भाजपा की चुप्पी ने बढ़ाई चर्चाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव भले ही अभी करीब ढाई साल दूर हों, लेकिन राजिम क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी ने अभी से जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस द्वारा मिशन गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है, जो अब गांव-गांव तक अपनी पहुंच बना रहा है। कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्तियों के अनुसार, इस अभियान के तहत लगातार युवा वर्ग भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो रही है। बेलर मंडल अंतर्गत चरोदा, छुईहा और जमाही जैसे गांवों में चौपाल आयोजित कर स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराया जा रहा है। इन चौपालों में विशेष रूप से युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इसी तरह फिंगेश्वर मंडल के बूथ क्रमांक 67 में भी बूथ और वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू होने की बात सामने आई है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति साफ नजर आती है। इस अभियान में पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर तथा फिंगेश्वर ब्लॉक के अध्यक्ष रूपेश साहू सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा लगातार गांवों का दौरा कर कांग्रेस की सदस्यता अभियान को गति दी जा रही है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा छोड़कर पार्टी में शामिल होने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का आधार मजबूत हो रहा है। हालांकि, इन दावों की वास्तविकता का आंकलन आने वाले समय में ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अब तक कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारी इस मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं, जिससे राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का यह अभियान यदि इसी गति से चलता रहा, तो आने वाले समय में ग्रामीण राजनीति की दिशा बदल सकता है।

## बेलटुकरी में अंगना मा शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अंगना मा शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण 'पढ़ाई तिहर '2026 शासकीय प्राथमिक शाला बेलटुकरी एवं आबादीपारा बेलटुकरी के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला में मनाया गया। सर्वप्रथम पूर्व माध्यमिक शाला के रेखूराम साहू,प्रधानपाठक बासन खड़िया ,प्रधानपाठक संध्या अवसरिया द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ,विशेष अतिथि एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। सविता गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताया गया कि माताओं को 3 से 5 वर्ष के बच्चों को तत्पश्चात सक्रिय माता द्वारा बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है जिससे बच्चों के संज्ञानात्मक शारीरिक और भावनात्मक विकास में सहयोग हो सके। सक्रिय माता द्वारा खेल आधारित शिक्षण गतिविधि के द्वारा बच्चों को समूह में बैठकर आनंददाई वातावरण में सीखने का प्रयास किया गया। जिसमें बच्चों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को रोचक बनाया। उपस्थित माता द्वारा बच्चों को सिखाने में भागीदारी निभाई, जिसमें स्मार्ट माता के रूप में महेश्वरी तारक, सावित्री तारक, खोमेश्वरी तारक, भुनेश्वरी तारक, सुभद्रा तारक को चयनित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ओमबाई साहू, मंजू साहू, ललिता साहू, नंदिनी साहू, शिक्षिका भगवती पटेल, शिक्षक दीनदयाल साहू, तेजराम साहू सहित पालक, माताएं मौजूद थे।



### बकली में जन्मदिवस एवं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम

**राजिम।** बकली में जन्मदिवस एवं अंगना म शिक्षा कार्यक्रम पढ़ाई त्यौहार प्राथमिक शाला बकली में 17 बच्चों का जन्मदिवस मनाया गया जो गायत्री परिवार द्वारा सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रधानपाठक भुनेश्वरी साहू, प्रेमा साहू, उषा साहू, जैस्मीन तिड़की, घनश्याम दिवाकर, सरपंच प्रतिनिधि हीराधर साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश भारती एवं ग्रामवासी और गायत्री परिवार के टीकम सेन, ब्लाक समन्वयक कमलेश साहू,घनाराम साहू, संजय साहू ,सहदेव साहू, राजू साहू, हेमलाल तारक, पूजा ध्रुव, टिकेश्वरी साहू, लुकेश्वरी साहू, जमुना साहू, जानकी साहू, सुनीता साहू, जुगबाई साहू, त्रिवेणी साहू, दामिनी सेन शामिल हुई।



### पेज 3 के शेष...

#### पीएचई की जांच...

विभाग की टीम ने संदेहास्पद किडनी के मरीजों के घर-घर जाकर उनके मेडिकल रिपार्ट का परीक्षण किया गया। जिसमें 4 लोगों का रिपोर्ट किडनी से ग्रसित नही मिला। इसी तरह एक मरीज जिन्हें अनियंत्रित उच्च रक्तचाप होने के कारण उनका किडनी खराब है। जिसके लिए वह महासमुंद जिला चिकित्सालय से डायलिसिस करा रहा है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के टीम ने प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया। जिसमें किसी भी बच्चे में फ्लोराइड युक्त पानी पीने का लक्षण नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी के अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। ताकि ग्रामीणों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

#### नौकरी छोड़ भारत...

हरियाणा, पंजाब या अन्य राज्यों की ओर बढ़ सकते हैं। उनके अनुसार, भारत की एकता इसी विविधता में है। यात्रा के दौरान वे साधारण रहन-सहन अपनाए हुए हैं और बजट यात्रा कर रहे हैं, जिससे आम युवाओं को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। सपनों को पूरा करने के लिए जोखिम उठाना जरूरी- राजिम क्षेत्र में गणेश की इस मुहिम को लेकर चर्चा जोरों पर है। स्थानीय युवा उनसे प्रेरित होकर खुद भी कुछ नया करने की सोच रहे हैं। कई लोग कह रहे हैं कि नौकरी की सुरक्षा छोड़कर सपनों का पीछा करना सच्ची देशभक्ति है। गणेश की यात्रा न सिर्फ व्यक्तिगत अनुभव है, बल्कि यह दिखाती है कि छत्तीसगढ़ के छोटे से गांव बोरसी का युवा भी राष्ट्र की धरोहरों को करीब से जानने का जज्बा रखता है। सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स बढ़ रहे हैं। गणेश का संदेश साफ है भारत को जानो, भारत को देखो, भारत से प्यार करो। उनकी यह यात्रा युवा पीढ़ी को प्रेरित कर रही है कि सपनों को पूरा करने के लिए जोखिम उठाना जरूरी है। बोरसी के इस साहसी युवा गणेश निषाद की कहानी छत्तीसगढ़ के राजिम क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मीरा नगरी से शुरू हुए इस सफर की हर मंजिल उनके गांव और पूरे क्षेत्र को नई पहचान दे रही है। उम्मीद है कि दो-तीन साल के प्लान के अनुसार वे पूरे भारत का सफलतापूर्वक भ्रमण पूरा करेंगे और अपनी अनुभवों को दूसरों तक पहुंचाएंगे।

#### मुख्यमंत्री 15 को ...

बृजलाल दीवान, बिसाहू राम,चदर मरकाम,धरमसिग भुजिया, ग्राम प्रमुख केजूराम धुव, कृष्णा साहू,चैनुराम नेताम,सेवक राम साहू,झवर अग्रवाल,भीखम साहू,बालक मरकाम, ओमप्रकाश नागेश, प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव समिति रसेला सहित सभी आमंत्रित अतिथिगण मौजूद रहेंगे। क्षेत्र के किसानों ने ग्राम कुडेरादादर में नवीन समिति बनाने पर भाजपा सरकार विष्णुदेव साय और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को बहुत बहुत बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### धर्म व संस्कृति हमारे लिए सर्वोपरि : देवांगन



**नवापारा-राजिम।** ग्राम जौन्दी में नवयुवक मित्र मंडली द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा युवा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि धर्म और संस्कृति हमारे लिए सर्वोपरि है। हिंदू धर्म ही विश्व का सर्वश्रेष्ठ धर्म है। हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए मानस गान का विशिष्ट महत्व है। श्री देवांगन ने कहा कि प्रभु श्रीराम जी का त्याग, तपस्या व संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणादायी है। भगवान की सच्ची सेवा ही हमारे जीवन का सबसे बड़ा काम है। हमारे जीवन को प्रभु की सेवा में समर्पित करने से हमें मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्री देवांगन ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम हम सभी के आदर्श हैं। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को उतारना चाहिए। जिस घर में रामायण की प्रतिदिन आरती होती है, उस घर पर श्रीराम जी की कृपा सदा बनी रहती है। प्रभु श्रीराम का संपूर्ण जीवन मर्यादित है तथा उनके चरित्र पुरुषोत्तम है। प्रभु श्रीराम जी के आशीर्वाद से हमारे गांव में सुख, समृद्धि ,यश ,कीर्ति वैभव व खुशहाली बनी रहे। उन्होने कहा कि राम ही ज्ञान है,राम ही सत्य है व राम ही जीवन का आधार है। इस अवसर पर गांव प्रमुख रंगनाथ साहू, रेवाराम निर्मलकर, गिरधारी साहू, द्विज साहू, झड़ी ध्रुव, वरिष्ठ भाजपा नेता टीकम साहू, पूर्व सरपंच टोमन साहू, नवयुवक मित्र मंडली के अनिरुद्ध साहू, तोरण साहू, ओमप्रकाश साहू, श्रवण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर आधुनिक भारत के सच्चे राष्ट्र निर्माता : भागचंद

**राजिम।** सतनामी समाज के सलाहकार भागचंद चतुर्वेदी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती के अवसर पर कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं, बल्कि आधुनिक



भारत के सच्चे राष्ट्र निर्माता थे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि परिवर्तन केवल विचारों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से आता है। उनकी 135वीं जयंती पर यह आवश्यक है कि हम उनके आदर्शों-शिक्षा, समानता, न्याय और मानवता-को अपने जीवन में उतारें और एक ऐसे भारत के निर्माण में योगदान दें, जहाँ हर व्यक्ति सम्मान और अवसर के साथ जी सके यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भागचंद चतुर्वेदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में यदि किसी एक व्यक्तित्व ने विचार, संघर्ष और निर्माण-तीनों स्तरों पर अमिट छाप छोड़ी है, तो वह नाम है बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर। वे केवल एक महान नेता नही थे बल्कि उस वैचारिक क्रांति को पुनर्जीवित करने वाले व्यक्ति थे जिन्होने भारत को सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की दिशा दी। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर मानते थे कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो केवल नारा नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का वैज्ञानिक सूत्र है।

**अभियान : भाजपा मंडल मलेवा अंचल का गांव चलो बस्ती चलो अभियान का रसेला में समापन**

# सरकार का लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचाना : शिव शंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल से प्रारंभ हुए, जिसके तहत भाजपा मंडल मलेवाअचल में विभिन्न गांवों में गांव चलो, बस्ती चलो,वार्ड चलो अभियान का आयोजन किया गया। जिसका समापन 12 अप्रैल को ग्राम रसेला के हृदय स्थल हनुमान मंदिर रंगमंच प्रांगण में यहां आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, विशेष अतिथि के रूप में महिला मोर्चा मंडल के अध्यक्ष हेमलता ध्रुव, उपाध्यक्ष टिकेश्वरी कोमर्रा, महामंत्री नारायण सिन्हा, परमेश्वर यादव, मंत्री भुवेन्द्र मरकाम, रोहित जगत, नारायण सिंह ठाकुर, समारु राम सोरी, बुथ अध्यक्ष लोकराम ध्रुव, जगत राम यादव,पुजा चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि लालिमा ठाकुर को महुआ फूल के हार से स्वागत किया गया, सभी मंच पर विराजमान अतिथियों को गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित करना है। आगे कहा कि यह अभियान सरकार एवं जनता के बीच सेतु का काम कर रहा है। इस अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता जनता तक पहुंच कर सरकार की योजना का सुचारू रूप से संचालन की जानकारी ले रहे हैं। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक विकास पहुंचाना है। परमेश्वर यादव, भुवेन्द्र मरकाम, नारायण सिंह ठाकुर, रोहित जगत, ने कहा कि आज हम सब एक अत्यंत महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। कार्यक्रम के पश्चात गांव की गलियों में भ्रमण में निकलकर एक वृद्ध महिला अन्नपूर्णा राजपूत,हेमबाई,लगनी पूछा तो कहा कि मोदी जी हमारे लिए इतना सोचते हैं जो एक परिवार का व्यक्ति नहीं सोच सकता हम आने वाले समय में भी मोदी जी के साथ है, जिन्होंने हमें मुक्त में राशन, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन हर घर जल की व्यवस्था की हम उनका उपकार कैसे भूल सकते हैं। इस दौरान नारायण सिन्हा महामंत्री, ओमप्रकाश यादव, कुबेर बारिक, भूषण साहू, लक्ष्मण यादव, सुकारो ठाकुर, धनेश्वर दास, धनेश्वर ठाकुर,कचरू निषाद, रोशनी निषाद सहित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नारायण सिन्हा ने की।



### अभियान में शामिल हुईं ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** ग्राम तर्री में जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों को शासन की योजनाओं से अवगत कराने के लिए गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जनसंपर्क किया। नवापारा नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,सरपंच लता सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत जीरामजी योजना, चावल उत्सव एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को रोजगार से जोड़ने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत जीरामजी योजना आरम्भ की है। जो ग्रामीण भारत के विकास एवं रोजगार का सृजन करेगा। 125 दिनों की अनिवार्य रोजगार के साथ-साथ विकास के कार्यों को जीरामजी योजना में जोड़ा गया है। तालाब गहरीकरण, वृक्षारोपण, सड़क निर्माण एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास के कार्य इस योजना के माध्यम से किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवासयोजना का लाभ अभी लोगो को मिल रहा है। गरीब एवं वंचित लोगो के सर पर छत दिलवाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। गरीबों, मजदूरो को उनका हक दिलाने का कार्य शासन द्वारा किया जा रहा है। महिलाओं को पद एवं प्रतिष्ठा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला आरक्षण बिल पेश किए जाने की तैयारी है। सरकार के जनहितैषी विकास के कार्यों को नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने विस्तार से बताया एवं लोगो से सुझाव भी मांगे। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, महामंत्री चेतन साहू, बूथ अध्यक्ष शांति सरोज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

## भाजपा ने पाठसिवनी, फिंगेश्वरी व सोरिद खुर्द में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर "गांव चलो, बस्ती चलो" अभियान के तहत खड़मा मंडल के ग्राम पाठसिवनी, फिंगेश्वरी एवं सोरिद खुर्द में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान ने ग्रामीण अंचल में संगठन की मजबूत पकड़ और जनसमर्थन का स्पष्ट संदेश दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। पार्टी के झंडों और नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला मंत्री मंडल प्रभारी जगदीश यदु, युवा नेता राजू साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेंद्र साहू, पुरुषोत्तम गोस्वामी, जनपद सदस्य पुष्पा सिन्हा, उत्तरा पटेल, किसान मोर्चा जिला महामंत्री संदीप पाण्डे एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव उपस्थित रहे। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि गांव-गांव तक पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना ही भाजपा की प्राथमिकता है। साथ ही आगामी चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में रूपेश्वर साहू (मंडल उपाध्यक्ष), रमन नामदेव (मंडल मंत्री), जयदीप साहू (उपाध्यक्ष), श्रीमती ईश्वरी, मेवाराम साहू, अशोक पटेल, उमेद सिंह दीवान, शक्ति संयोजक मुंडा गांव हेमु चक्रधारी, पोलिंग बूथ अध्यक्ष पाठसिवनी नरेश दीवान, जामली पोलिंग बूथ अध्यक्ष दिगेन्द्र निषाद, अमलोर पोलिंग खेमराज साहू, दुर्जन साहू, देवनारायण साहू, राधेश्याम, फिंगेश्वरी पोलिंग बूथ अध्यक्ष मानसिंग दीवान, सह संयोजक सोरिद गोकुल कुंभकार, पंचराम यादव, गौतम ध्रुव, पन्नालाल ध्रुव, धनेश्वरी ध्रुव, निरंजन कुंभकार, होरीलाल दीवान, बंसता यादव, मिलंतीन चक्रधारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह अभियान न केवल संगठनात्मक मजबूती का परिचायक बना, बल्कि ग्रामीण जनता के बीच पार्टी की नीतियों और कार्यों के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने में सफल रहा।

## गांव चलो अभियान का समापन, ग्राम हरदी के बूथ क्रमांक 150 में भाजपा ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

भारतीय जनता पार्टी भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा पार्टी का 6 से 12 अप्रैल तक का कार्यक्रम निरन्तर चला। जो पूरे राज्य में 6 अप्रैल भाजपा का 47वां स्थापना दिवस, जिसमें पार्टी कार्यालयों में ध्वजारोहण, दीपोत्सव, और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। 7 अप्रैल को गांव चलो-बस्ती चलो अभियान, जिसमें कार्यकर्ता गांवों और बस्तियों में जाकर लोगों से मिले और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी। 8-9 अप्रैल जिला स्तर पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन, जिसमें संगठनात्मक विस्तार और चुनावी सफलताओं की रणनीति पर चर्चा। 10-12 अप्रैल ग्राम एवं बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्तियों में जाकर जनसंवाद किया गया। ग्राम पंचायत हरदी के बूथ क्रमांक 150 में 12 अप्रैल को एक व्यापक जनसंपर्क और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों गांवों में जाकर सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाया। इस अभियान के तहत बूथ स्तर पर जाकर लोगों से संवाद स्थापित किया गया और केंद्र और राज्य सरकार के बेमिसाल' की गाथा को गांव-गांव और गली-गली पहुंचाया गया।

हरदी गाँव में पहुँचे खोमन चन्द्राकर अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरा,ने बूथ स्तर पर पहुंच कर कार्यकर्ताओं संग जमीनी हकीकत की जानकारी लगाई। हाथों में भाजपा के झंडे लिए, कार्यकर्ताओं ने गाँव की गलियों में रैली निकाली और घर घर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन निरंतर गाँव-गाँव पहुँचकर जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को जानने का कार्य कर रहा है।उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बेमिसाल बताते हुए कहा, "देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का विश्व मंच पर मान-सम्मान बढ़ा है और छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'सेवा, समर्पण, सुशासन' का युग चल रहा है। राकेश शर्मा भाजपा ने आगे बताया कि भव्य राम मंदिर निर्माण, श्रद्धालुओं को तीर्थ यात्रा स्थल भ्रमण, महतारीं वंदन योजना एवं अनेकों ऐतिहासिक योजना व कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दृढ़ इच्छाशक्ति संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम के प्रभारी एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, कार्यक्रम सह प्रभारी रामरतन साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भाजपा, बलदेव साहू, मन्थिर ध्रुव, डिगेश्वर साहू, लोकेश्वर यादव, रूपेश, राजाराम कंवर, लिखन जगत, अमर सिंग, विजय तिवारी तारकेश्वर एवं बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बड़े गोबरा व भाटीगढ़ पहुंचे भाजपा नेता, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



भरतीय जनता पार्टी के गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत मैनपुर मण्डल के दूरस्त वनांचल ग्राम बड़े गोबरा सहित ग्राम भाटीगढ़ मेंकार्यक्रम आयोजित कर गांव बस्ती में सम्पर्क अभियान चलाकर राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीण जनों को जानकारी दी गई साथ ही हितग्राहियों से मिलकर चर्चा किया गया महतारी वंदन के लाभार्थी बहनों से भी चर्चा किया गया सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुएमुख्य अतिथि योगेश शर्मा ने कहा कि हमारे केंद्र एवं राज्य की सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर काम कर रही है अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से भी अधिक पक्के मकान बन गए हैं और जिनके मकान नहीं बने हैं उनकी भी स्वीकृति जल्द हो जाएगी हर घर जल नल योजना के तहत 15 करोड़ से भी अधिक ग्रामीण के घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि के तहत हर वर्ष किसानों को 6000 की सहायता राशि दी जा रही है अब तक लगभग 4 करोड़ से भी अधिक की राशि किसानों को वितरित की जा चुकी है महतारी वंदन योजना के तहत माता बहनों को प्रतिमाह 1000 दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षण प्रमुख योगेश शर्मा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक महेंद्र सोनी, डागेश्वर नेगी, सतन यादव, राजाराम यादव, आसाराम मरकाम, बसंत विश्वकर्मा, वीरेंद्र नागवंशी, सालिक विश्वकर्मा, केसरी बाई, सुमन बाई, अमित बाई, रेणुका विश्वकर्मा सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## गांव चलो अभियान भाजपा की वर्षों पुरानी परंपरा है : डॉ. रामकुमार



**राजिम।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने बोरसी में ग्रामवासियों से मुलाकात कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा प्रत्येक वर्ष गांव में जाकर आम जनता से मिलना उनके हाल चाल जानना गांव के विकास के बारे में चर्चा करना, शासन द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के पात्र परिवारों से संपर्क कर योजना का लाभ दिलाना पार्टी की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया का अंग है जिससे लोगों के बीच बैठकर गांव में जनता की सुविधा के लिए और क्या अच्छा कार्य किया जा सकता है उसकी जानकारी भी प्राप्त होता है। श्री साहू ने कहा कि योजनाओं का लाभ सही मायने में पात्र लोगों को मिल रहा है कि नहीं, मिल रहा है यह कार्य पार्टी संगठन के निर्देश पर सभी कार्यकर्ता ग्राम संपर्क अभियान में अपना सहभागिता देते है। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच सती सावित्री साहू,कृषक सहकारी संस्था के अध्यक्ष छन्नू साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष यथार्थ शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष शकुन साहू, युवा नेता ओंकार साहू,बूथ अध्यक्ष रवि साहू, राधेश्याम साहू, ओमप्रकाश सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें



24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

### आंबेडकर जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सभा से हुई, जिसमें पुष्प अर्पण पश्चात विद्यालय प्रधानाचार्य ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग



जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## नहर निर्माण का अटका काम, पेड़ों की कटाई की अनुमति में देरी से किसानों में आक्रोश


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



घाट खाल्हे ग्राम सोरिदखुर्द क्षेत्र में निर्माणाधीन आमानाला जलाशय की नहर का कार्य इन दिनों प्रशासनिक देरी के कारण ठप पड़ गया है। जानकारी के अनुसार, नहर निर्माण के मार्ग में आ रहे पेड़ों की कटाई के लिए आवश्यक अनुमति अब तक नहीं मिल पाई है, जिससे कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा संबंधित विभाग को पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन दिया जा चुका है। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिखकर अनुमति प्रदान करने की मांग की गई है, लेकिन लगातार हो रही देरी से ग्रामीणों और किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसानों का कहना है कि नहर निर्माण कार्य रुकने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित



हो रही है, जिससे उनकी फसलों पर सीधा असर पड़ सकता है। ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सरकार एक ओर किसानों के हित में विभिन्न योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर लापरवाही के चलते योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411